सुशासन दिवस : कर्मठ अधिकारियों व कर्मचारियों को किया सम्मानित, मुख्यमंत्री ने किया ऐलान

# 87 शहरी निकायों में एक-एक सार्वजनिक स्थल का नामकरण भारत रत्न वाजपेयी के नाम पर होगा



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें एक दूरदर्शी राजनेता बताया। उन्होंने कहा अटल जी का जीवन ईमानदारी, लोकतांत्रिक मूल्यों और जन-केंद्रित शासन का प्रतीक रहा। मुख्यमंत्री ने भारत रत्न वाजपेयी को स्मरण करते हुए कहा कि वे अपने विचारों में जितने दृढ़ थे, उतने ही अपने मूल्यों और सिद्धांतों में भी अडिग थे। मुख्यमंत्री पंचकूला में राज्यस्तरीय सुशासन दिवस कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भले ही सरकारें आती-जाती रहीं, लेकिन अटल जी हमेशा अपने आदर्शों पर अटल रहे। उनके जीवन को निरंतर प्रेरणा का स्त्रोत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वाजपेयी की जीवन यात्रा राष्ट्र को मूल्यों, ईमानदारी और सिद्धांतों पर आधारित नेतृत्व का महत्व सिखाती है।



## सामुदायिक भवन, पार्क, वाचनालय, सभागार, वृद्धाश्रम और व्यावसायिक स्थल चिन्हित, अटल जी की प्रतिमा भी लगेंगी

सुशासन दिवस के अवसर पर एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य के सभी 87 शहरी स्थानीय निकायों में कम से कम एक सार्वजनिक स्थल का नामकरण अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर किया जाएगा। उनमें अटल प्रतिमाएं भी स्थापित की जाएंगी, ताकि उनके लोकतंत्र, राष्ट्रीय एकता और पारदर्शी शासन के आदर्श समाज का मार्गदर्शन करते रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सभी निकायों में एक ऐसे सामुदायिक भवन, पार्क, वाचनालय, सभागार, वृद्धाश्रम या व्यावसायिक स्थल को चिन्हित कर लिया गया है और अगले 6 माह में अटल की स्मृति में इस फैसले को लागू कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभागों को 'डिजिटल हरियाणा' के सपने को हकीकत में बदलने में दिए गए उनके योगदान के लिए 9 गुड गवर्नेंस अवॉर्ड प्रदान किए।



### फतेहगढ़ साहिब गुरुद्वारे में माथा टेका

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पंजाब के फतेहगढ़ साहिब में गुरुद्वारे में पहुंचकर माथा टेका। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधक समिति ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। सीएम ने कहा कि सरकार गुरुओं की शिक्षाओं की शिक्षाओं का प्रसार कर रही है।



## गीता महोत्सव का विदेशों में होगा आयोजन, प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में भी होंगे कार्यक्रम : मुख्यमंत्री

■ मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की बैठक

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर आगामी समय में विदेशों और कुरुक्षेत्र में और भव्य तरीके के साथ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव-2026 का आयोजन करेगी। इस महोत्सव के जरिए पवित्र ग्रंथ गीता के संदेश को देश विदेश के आमजन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश सरकार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन करने के लिए पूरी योजना तैयार करेगी। अहम पहलू यह है कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2026 के सरस और शिल्प मेले का आयोजन 5 दिसंबर से 25 दिसंबर 2026 तक किया जाएगा। इस महोत्सव के मुख्य कार्यक्रम 14 दिसंबर से 20 दिसंबर 2026 तक आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री चंडीगढ़ स्थित आवास संत कबीर कुटीर पर अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती मेला प्राधिकरण व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के साथ अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2026 के आयोजन बारे विस्तार से चर्चा की।

## कांग्रेस के पदाधिकारियों की सूची जल्द, हाईकमान ने नाम मांगे

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

■ नेताओं के बीच संतुलन बनाने की चुनौती

हरियाणा कांग्रेस की ओर से जल्द प्रदेश पदाधिकारियों की नियुक्ति सूची जारी करने की तैयारी है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र ने जल्द ही सूची जारी करने के संकेत दिए हैं, बताया गया है कि प्रदेश के कांग्रेसी सियासी दिग्गजों से कांग्रेसी हाईकमान द्वारा नाम मांगे गए थे। फिलहाल, प्रदेश के नेताओं द्वारा नाम नहीं भेजे हैं, इंतजार के बाद हाईकमान की ओर से पीसीसी चीफ द्वारा दिए गए नामों पर मुहर लगा दिए जाने की तैयारी है। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस हाईकमान राज्य के सभी प्रमुख नेताओं की ओर से सुझाए गए नामों को भी शामिल करने के हक में हैं। हाईकमान सूबे में इस तरह की कार्यकारिणी गठित करने के हक में है, जिसमें संतुलन बना रहे और सभी नेताओं को सहमति भी रहे। अर्थात इस बार कार्यकारिणी में किसी नेता विशेष का दबदबा अथवा उपेक्षा वाली बात नहीं रहे। साथ ही आने वाले समय में सभी मिलकर पार्टी संगठन को मजबूत करने के साथ ही हरियाणा में विपक्ष के तौर पर मजबूत भूमिका अदा करें। सूत्रों का कहना है कि कई बार नाम मांगे जाने के बाद भी हाईकमान को प्रदेश के कई वरिष्ठ नेताओं की ओर से नामों की सूची नहीं दी गई है। इस तरह से सूची में भी विलंब हो रहा है। कुल मिलाकर अपनी पसंद के नाम नहीं दिये हैं।

### दिग्गजों की पसंद को तरजीह मिलेगी

कांग्रेस हाईकमान ने जिलाध्यक्षों की नियुक्ति करते समय निष्पक्षता और पारदर्शिता के दावे किए थे। लेकिन प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी करने से पहले जिस तरह राज्य के प्रमुख नेताओं से पसंद की सूची मांगी जा रही है, उससे साफ हो गया है कि कांग्रेस पुराने रास्ते और सभी को मनाने संतुलन बनाने वाले ढर्रे पर चल रही है। यहां पर याद रहे कि हरियाणा मामलों के प्रभारी बीके हरिप्रसाद ने हाल ही में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम में हिस्सा लिया था और खुद की मौजूदगी में युवा नेताओं से चर्चा की थी।

### ये बोले प्रदेश अध्यक्ष

चंडीगढ़ पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने जल्दी ही प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी कर दिए जाने के संकेत अभी और पहले भी दिए हैं। लेकिन 2025 बीतने में अब चंद दिन शेष रह गए हैं, इसलिए वे मुस्कुराकर कोई भी अंतिम तारीख तो बताना नहीं चाहते लेकिन नए साल में सूची जारी कर देने के संकेत जरूर दे रहे हैं। अवधि तो नहीं बताई जा रही लेकिन नये साल के पहले माह के अंत तक कांग्रेस के प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी होने की बात कही जा रही है। हाईकमान के पास राज्य के प्रमुख नेताओं ने पसंद के नाम नहीं भेजे तो प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र और उनकी टी द्वारा तैयार की गई सूची को ही अर्थात उनकी पसंद के पदाधिकारियों को कमेटी में शामिल कर फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी। इसकी तैयारी चल रही है।

## हादसे का मुआवजा निर्धारण यांत्रिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि पीड़ित परिवार को न्यायसंगत और यथोचित राहत देने का माध्यम

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने मोटर वाहन दुर्घटना में मृत युवक शाकिर उर्फ मोहम्मद शाकिर के परिजनों को दिए गए मुआवजे को बढ़ाते हुए अहम टिप्पणी की है कि मुआवजा निर्धारण कोई यांत्रिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि पीड़ित परिवार को न्यायसंगत और यथोचित राहत देने का माध्यम है।

### हाईकोर्ट ने मुआवजा बढ़ाया 4.78 लाख अतिरिक्त देने के आदेश

जस्टिस सुदीप्ति शर्मा ने नूंह स्थित मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पांच अप्रैल 2024 के मुआवजा आदेश में संशोधन करते हुए कुल मुआवजा राशि 18 लाख 16 हजार 48 रुपये से बढ़ाकर 22 लाख 94 हजार 300 रुपये कर दिया है। इस प्रकार पीड़ित परिवार को चार लाख 78 हजार 252 रुपये की अतिरिक्त राशि देने के आदेश दिए गए हैं। 29 दिसंबर 2018 को हुई सड़क दुर्घटना में शाकिर की मौत हो गई थी। परिजनों ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 166 के तहत मुआवजे की मांग की थी। ट्रिब्यूनल ने मृतक की आय को अकुशल श्रमिक मानते हुए मुआवजा तय किया था। हाई कोर्ट ने स्पष्ट किया कि रिकार्ड पर मौजूद मृतक का ड्राइविंग लाइसेंस यह दर्शाता है कि वह कुशल चालक था। ऐसे में उसकी आय का आकलन अकुशल श्रमिक की बजाय कुशल श्रमिक के न्यूनतम वेतन के आधार पर होना चाहिए।

## 27 कुख्यात बदमाशों सहित 342 आरोपी पकड़े

**चंडीगढ़।** प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से हरियाणा पुलिस ने 24 दिसंबर को राज्यव्यापी सघन चेकिंग एवं छापेमारी अभियान चलाकर अपराधियों के नेटवर्क पर कड़ा प्रहार किया। इस व्यापक कार्रवाई में पुलिस ने विभिन्न जिलों से कुल 342 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस अभियान ने न केवल वांछित अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया, बल्कि आमजन में सुरक्षा और विश्वास का मजबूत संदेश भी दिया। अभियान की सबसे बड़ी उपलब्धि जघन्य एवं हिंसक अपराधों में संलिप्त 27 वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी रही। सिरसा, कैथल और हिसार जैसे संवेदनशील जिलों में तीन-तीन हिंसक अपराधियों की गिरफ्तारी कर पुलिस ने यह स्पष्ट कर दिया कि अपराधियों के लिए प्रदेश में कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं है। राज्य में अपराध ग्राफ को नीचे लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई है।

## लंबित मांगों को लेकर रोडवेज कर्मियों ने किया प्रदर्शन

चंडीगढ़। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन लंबित मांगों को लेकर सरकार के खिलाफ पूर्व प्रधान मोती राम की अध्यक्षता मे पंचकूला डिपो में मोर्चा खोल दिया है। यूनियन के आह्वान पर बृहस्पतिवार को पंचकूला डिपो में कर्मचारी द्वारा एक दिवसीय भूख हड़ताल की गई। यह कदम सरकार द्वारा बार-बार की बैठकों के बावजूद मांगों पर ठोस कार्रवाई न करने और आधिकारिक पत्र (नोटिफिकेशन) जारी न करने के विरोध में उठाया है। डिपो पूर्व प्रधान श्रवण कुमार जांगड़ा ने बताया कि सरकार के साथ हुई पिछली बैठकों में 33 में से कुछ महत्वपूर्ण मांगों पर सहमति तो बन गई थी।

## महाराजा सूरजमल ने भारत को एक राष्ट्र के रूप में देखा : डॉ. मलिक

पंचकूला। जाट सभा पंचकूला व चंडीगढ़ के प्रधान डॉ महेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि महाराजा सूरजमल अपने समय के एक महान योद्धा, एक महान राजनयिक और एक महान राजनेता थे। उन्होंने भारत को एक राष्ट्र्र के रूप में देखा। उनमें राजनीतिक समझ, स्थिर बुद्धि और स्पष्ट दृष्टि थी। डॉ मलिक यहां सेक्टर 6 स्थित चौधरी छोटूराम भवन में महाराजा सूरजमल बलिदान दिवस पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर यज्ञ भी किया गया। मलिक ने कहा कि वे किसी एक कौम या क्षेत्र के राजा नहीं थे बल्कि उन्होंने हिंदू , सिख और मुस्लिम समाज के विभिन्न गुटों को एकजुट किया और उन्हें एक साथ बनाए रखा।



## पीएम ने सांसद खेल महोत्सव को देशव्यापी जनआंदोलन बताया, सिरसा लोकसभा के खिलाड़ियों से ऑनलाइन जुड़े

# पीएम मोदी ने बॉक्सर नीरज से किया संवाद कहा-खेल को मस्ती व सीख के साथ जारी रखें

पीएम ने कहा कि 2036 में भारत ओलंपिक की मेजबानी करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, ओलंपिक में आज के वे युवा शामिल होंगे जो अभी 10-12 आयुवर्ग के हैं। नीरज ने भी किया ओलंपिक मेडल का वादा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फतेहाबाद जिले के टोहाना खंड के गांव समैन में सांसद खेल महोत्सव के समापन अवसर पर वर्चुअली कहा कि यह आयोजन अब देश में एक जनआंदोलन बन चुका है, जिसमें एक करोड़ से अधिक युवाओं ने पंजीकरण व भागीदारी कर एक नया उत्साह दिखाया है। प्रधानमंत्री ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल न केवल जीत या हार का माध्यम है, बल्कि यह खेल भावना, अनुशासन और व्यक्तित्व निर्माण का सबसे अच्छा साधन है, जो युवाओं को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है और देश के निर्माण में योगदान देने के लिए तैयार करता है।

समापन समारोह में पीएम ने बॉक्सर नीरज के साथ एक भावपूर्ण संवाद किया। गांव डांगरा के युवा बॉक्सर नीरज, जिन्होंने अपनी प्रतिभा के दम पर नेशनल स्तर पर नाम कमाया है, प्रधानमंत्री से सीधे बात करने का मौका प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने नीरज का पारंपरिक 'राम-राम' कहकर अभिवादन किया। जब नीरज ने पीएम से पूछा 'कैसे हैं?', इस पर प्रधानमंत्री ने हंसते हुए कहा, 'मैं तेरे जैसा ही हूं।' इससे समारोह स्थल पर उपस्थित सभी में जोश और उत्साह देखने को मिला। प्रधानमंत्री ने नीरज से पूछा कि क्या वह खेल में ही अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं? नीरज ने कहा कि वह देश के लिए ओलंपिक में गोल्ड मेडल जीतना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने ओलिंपिक में भारत का नाम रोशन करने वाले महान खिलाड़ियों विशेषकर हरियाणा की खेल परंपरा का उल्लेख करते हुए नीरज को प्रोत्साहित किया। नीरज ने कहा कि वह इंटरनेशनल बॉक्सर के मैच भी देखते हैं और उनसे प्रेरणा लेते हैं। प्रधानमंत्री ने मजाक में कहा कि अगर मोबाइल देखते हो तो पिताजी कहेंगे 'जाओ खेलो!' इस पर भी दोनों के बीच हंसी-मजाक का अवसर हुआ।



### सांसद खेल महोत्सव से मिली प्रेरणा : नीरज

प्रधानमंत्री ने राज्यसभा सांसद सुभाष बराला द्वारा आयोजित कराए गए सिरसा लोकसभा क्षेत्र के सांसद खेल महोत्सव के बारे में जानकारी ली। नीरज ने प्रधानमंत्री को बताया कि महोत्सव में हर सुविधा उपलब्ध कराई गई। नीरज ने जवाब दिया कि राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने बड़ा तगड़ा आयोजन कर रखा था, सारी सुविधाएं दी गई। सभी खिलाड़ियों को इस खेल महोत्सव में हिस्सा लेकर आंनद आ गया। नीरज ने स्पष्ट किया कि वह अगले ओलिंपिक में देश के लिए मेडल लाने की पूरी कोशिश करेंगे, जिसके लिए प्रधानमंत्री ने भी उन्हें शुभकामनाएं दीं और कहा कि उनसे किसी बात को दबाव की तरह न लें, बल्कि खेल को मस्ती और सीख के साथ जारी रखें। पीएम ने कहा कि 2036 भारत ओलंपिक की मेजबानी करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इस ओलंपिक में आज के वे युवा शामिल होंगे जो अभी 10-12 आयुवर्ग के हैं। उन्होंने प्रतिभाओं को निखारने का आह्वान किया।

### टॉप-5 में रहा सिरसा लोकसभा

देश भर में प्रधानमंत्री के आह्वान पर आयोजित हो रहे सांसद खेल महोत्सव में सिरसा लोकसभा क्षेत्र टॉप-5 में रहा है। यहां राज्यसभा सांसद सुभाष बराला के नेतृत्व में खेलों का आयोजन हुआ। पहले गांव, फिर विधानसभा और उसके बाद लोकसभा स्तर पर मुकाबले करवाए गए। करीब 45 हजार खिलाड़ियों ने इसमें रजिस्ट्रेशन करवाया। समापन समारोह में प्रधानमंत्री ने देश के सर्वश्रेष्ठ चार राज्यों के खिलाड़ियों से संवाद किया, इसमें से हरियाणा के सिरसा लोकसभा क्षेत्र के खिलाड़ी नीरज बॉक्सर हैं।

### सांसद ने कबड्डी के इंडोर हॉल के लिए दिए 21 लाख

सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने आज के दिन को ऐतिहासिक और यादगार बताया। उन्होंने कहा कि लगभग 120 दिन तक 30 स्टेडियम में आयोजित हुए सांसद खेल महोत्सव के समापन समारोह में देश के प्रधानमंत्री ने युवाओं को प्रोत्साहित किया है इससे उनके नई ऊर्जा का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए ख़ासकर इलाके के युवाओं के लिए ऐतिहासिक है कि प्रधानमंत्री हमसे सीधे जुड़े हैं और हमारे क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें निखारने के लिए राष्ट्रीय पहचान दी है। सांसद ने गांव समैन में कबड्डी के इंडोर हाल निर्माण के लिए 21 लाख रुपये सांसद निधि से देने की घोषणा की।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

इस अवसर पर हरकोफेड के चेयरमैन वेद फुलां, एसडीएम आकाश शर्मा, सरपंच रणबीर गिल, रिंकू मान, सूबे सिंह समेन, विनीत काका सिंगला, रमन मड़िया, कुलदीप डांगरा, जगदीप बराला, कुलदीप कमांडों, किले सिंह बराला, डीएसओ विष्णुदास, सुरेश कोच, विजय हरिपाल, जोरा सिंह समैन, हरविंदर लाली, सुरेश छिरंग, अनूप सिंह, सुभाष खीचड़, अनिल सिहाग, धर्म सिंह सैनी, विक्रम प्रभाकर, राजबीर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## रोहतक में दो हत्याओं से फैली दहशत

# गाड़ी साइड करने को लेकर व्यापारी की हत्या, भाई ने ब्यूटी पार्लर में बहन का गला रेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई दो सनसनीखेज हत्याओं ने शहर की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। एक ओर गाड़ी साइड देने के मामूली विवाद में फूल व्यापारी की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई, वहीं दूसरी ओर एक ब्यूटी पार्लर संचालिका की उसके ही सगे भाई ने दिनदहाड़े गला रेतकर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों मामलों में हत्या का केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

पहली वारदात सिविल लाइन थाना क्षेत्र की दुर्गा कॉलोनी के पास हुई। यहां 22 वर्षीय फूल व्यापारी अंकित की गली में गाड़ी साइड करवाने के मामले में दो युवकों से झगड़ा हो गया। आरोपियों ने पहले अंकित पर पिस्टल तानकर गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन फायर नहीं हुआ। इसके बाद चाकू से ताबड़तोड़ वार किए गए। गंभीर हालत में अंकित को पीजीआई ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने गांव किलोई निवासी सुमित और बोहर निवासी राहुल को गिरफ्तार कर लिया है। अंकित तीन बहनों का इकलौता भाई था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### बचाने आई कर्मचारी को भी किया घायल

रोहतक शहर के व्यस्त माता दरवाजा चौक क्षेत्र में ब्यूटी पार्लर संचालिका माया (32) की उसके सगे भाई लाला ने गला रेतकर हत्या कर दी। वारदात के समय माया अपने पार्लर में मौजूद थी। विवाद के दौरान आरोपी ने तेजधार हथियार से हमला किया। बीच-बचाव में आई पार्लर कर्मी युवती लक्ष्मी भी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि माया तलाकशुदा थी। पार्लर में किसी बात को लेकर उसका भाई के साथ झगड़ा हुआ था। दोनों मामलों में पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर जांच शुरू कर दी है।

# सुसरालियों से परेशान डॉक्टर ने जहरीला इंजेक्शन लगाकर जान दी

- सुसाइड नोट में पत्नी, सास, साले व मामा को जिम्मेदार ठहराया, पुलिस की जांच शुरू
- अनबन के चलते तीन साल से मायके में रह रही थी पत्नी, बच्चे से भी मिलने नहीं देने का भाई ने लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत के न्यू बसंत नगर निवासी डॉ. सौरभ जैन ने जहरीला इंजेक्शन लगाकर सुसाइड कर लिया। उन्होंने मरने से पहले पत्नी व ससुरालियों के नाम लिखकर एक पेज का सुसाइड नोट अपने भाई गौरव जैन को व्हाट्सएप पर भेज दिया। इधर, परिजन तत्काल डॉ. सौरभ के घर पहुंचे और उन्हें निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। डॉ. सौरभ इसी निजी अस्पताल में प्रैक्टिस करते थे। इधर, पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की। सुसाइड नोट में डॉ. सौरभ जैन ने अपनी मौत के लिए पत्नी डिंपल, सास रेनु जैन, साले शुभम और पत्नी के मामा टीटू बनिया निवासी बुद्ध विहार कॉलोनी, गन्नौर जिला सोनीपत को जिम्मेदार ठहराया है।

इधर, डॉ. सौरभ के भाई गौरव ने बताया कि उनकी भाभी डिंपल व भाई सौरभ के बीच पिछले तीन साल से अनबन चल रही थी और डिंपल तीन सालों से अपने मायके में रह रही है। वह डॉ. सौरभ पर लगातार प्रॉपर्टी अपने नाम करवाने का दबाव बना रही थी। पत्नी डिंपल ने सौरभ को भी उनके बच्चे से नहीं मिलने दिया। इसके चलते डॉ. सौरभ डिप्रेशन में थे। इधर, पुलिस ने इस केस की जांच शुरू कर दी है।

### अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन हुए लाइव

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2025 (एचटेट) लेवल-1, 2 व 3 के लिए आवेदन 24 दिसम्बर, 2025 से लाइव कर दिए गए हैं। परीक्षा से सम्बन्धित सूचना बुलेटिन बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। बोर्ड अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) पवन कुमार एवं उपाध्यक्ष सतीश शाहपुर ने संयुक्त रूप से यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए इच्छुक अभ्यर्थी बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक के माध्यम से महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यान से पढ़कर/समझकर 04 जनवरी, 2026 (रात्रि 12:00 बजे) तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा हेतु अभ्यर्थी यदि एक लेवल के लिए आवेदन करता है तो उसे 1000 रुपये, दो लेवलों के लिए 1800 रुपये तथा तीनों लेवलों के लिए 2400 रुपये शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसी प्रकार हरियाणा के अनुसूचित जाति वर्ग से संबंधित तथा दिव्यांग अभ्यर्थी यदि एक लेवल के लिए आवेदन करता है तो उसे 500 रुपये, दो लेवलों के लिए 900 रुपये तथा तीनों लेवलों के लिए 1200 रुपये शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करना होगा। ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी सूचना में दर्शाए गए महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यान से पढ़कर/समझकर अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें। ऑनलाइन आवेदन व परीक्षा शुल्क के सफलतापूर्वक जमा करने के बाद अभ्यर्थी पुष्टिकरण पृष्ठ का प्रिंट लेना सुनिश्चित कर लें। उन्होंने आगे बताया कि अभ्यर्थी अपने विवरण, फोटो, हस्ताक्षर, अंगूठे का निशान, लेवल, विषय के चयन (लेवल 2 व 3), जाति वर्ग, दिव्यांग श्रेणी व गृह राज्य में 4 व 5 जनवरी, 2026 को ऑनलाइन संशोधन कर सकते हैं।

## रिटायर्ड ब्रिगेडियर बेटे ने दी मुखाग्नि

# देश के लिए 3 लड़ाइयां लड़ने वाले कैप्टन गाहड़ सिंह का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

सेना में रहकर तीन लड़ाइयां लड़ने वाले कैप्टन गाहड़ सिंह हमारे बीच नहीं रहे। भट्टूकलां निवासी कैप्टन गाहड़ सिंह का 24 दिसंबर को 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। आज गमगीन माहौल में उनके बेटे रिटायर्ड ब्रिगेडियर धर्मबीर ने उन्हें मुखाग्नि दी। इस अवसर पर काफी संख्या में पहुंचे क्षेत्रवासियों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।



भट्टूकलां। कैप्टन गाहड़ सिंह को अंतिम विदाई देते परिजन।

भट्टूकलां निवासी कैप्टन गाहड़ सिंह ने वर्ष 1961 में उन्होंने भारतीय सेना के एजुकेशन कोर में हवलदार के पद पर भर्ती होकर राष्ट्र सेवा की राह चुनी। भर्ती के बाद उन्हें प्रशिक्षण के लिए फर्स्ट जाट यूनिट के साथ भेजा गया, जहां से उनके सैन्य जीवन की असली परीक्षा शुरू हुई। साल 1962 आया और देश को चीन के साथ युद्ध का सामना करना पड़ा। कैप्टन गाहड़ सिंह ने इस युद्ध में पूरे साहस और कर्तव्यनिष्ठा के साथ भाग लिया। इसके कुछ ही वर्षों बाद, 1965 में वे जम्मू-कश्मीर में तैनात थे, जहां पाकिस्तान के साथ हुए दूसरे युद्ध में भी उन्होंने वीरता से देश की रक्षा की। समय के साथ वे अलग-अलग यूनिटों में सेवाएं देते रहे। एजुकेशन हवलदार से लेकर एजुकेशन जेसीओ तक के पदों पर रहते हुए उन्होंने सैनिकों को शिक्षित किया। 1971 के युद्ध में उन्होंने एक इन्फेंट्री यूनिट के साथ मिलकर दुश्मन का सामना किया।

लगभग तीन दशकों की निःस्वार्थ सेवा के बाद, 1988 में कैप्टन गाहड़ सिंह सेवानिवृत्त हुए। वे केवल एक वीर सैनिक ही नहीं, बल्कि वॉलीबॉल के धुरंधर खिलाड़ी भी थे। सेना में भर्ती होने से पहले वे कंबाइंड पंजाब स्टेट की ओर से नेशनल लेवल वॉलीबॉल खिलाड़ी के रूप में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके थे।



